# उमर खालिद के मामले में अन्याय हुआः सिब्बल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा ज़मानत देने से इनकार किए जाने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन किया गया है और हम इस अन्याय के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में जा रहा है, जहां राजनीतिक दल यह सोचकर ऐसे मुद्दे नहीं उठा रहे हैं कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है।

सिब्बल ने कहा, लगता है कि हम सही काम नहीं करना चाहते और आवाज नहीं उठाना चाहते। हमारे वकील, मध्यम वर्ग और समाज चुप है। खालिद के वकील द्वारा कम से कम सात बार मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग किए जाने संबंधी पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की कथित टिप्पणी को लेकर सिब्बल ने कहा कि जब मामला उच्चतम न्यायालय में था, तब बचाव पक्ष ने केवल दो बार स्थगन मांगा था।

उनका कहना था, अगर अदालत वर्षों तक फैसला नहीं सुनाती, तो क्या इसके लिए वकीलों को दोषी ठहराया जाना चाहिए? अदालत का यही हाल है।

# देश के 24 शहरों में 1066 किलोमीटर मेट्रो सेवा उपलब्धः मनोहर लाल

## गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भूमि पूजन शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में हुआ

**मोहम्मद अफसर**

**गुरुग्राम,मेट्रो मीडिया।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में मेट्रो सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है और वर्ष 2014 तक केवल पांच शहरों में 248 किलोमीटर मेट्रो सेवा उपलब्ध थी, जो अब बढ़कर 24 शहरों में 1066 किलोमीटर हो चुका है। मनोहर लाल ने यहां गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम में कहा कि इसके अतिरिक्त 970 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क निर्माणाधीन है, जिसके पूरा होने पर भारत विश्व में सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क प्रदान करने वाला देश बन जायेगा।

गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भूमि पूजन शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में हुआ। कार्यक्रम सेक्टर 44 में करीब 5500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 28.5 किलोमीटर लंबे गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर का भूमि पूजन किया गया। यह कॉरिडोर मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी होते हुए द्वारका एक्सप्रेस-वे तक विस्तारित होगा, तथा इसमें 27 स्टेशन बनाये जायेंगे।



यह मेट्रो सेवा नये और पुराने गुरुग्राम को जोड़ने के साथ-साथ नागरिकों के लिए सुविधाजनक और समय की बचत करने वाला विकल्प बनेगी। मनोहर लाल ने कहा कि इस परियोजना से गुरुग्राम में जाम की समस्या कम होगी, प्रदूषण घटेगा तथा आवागमन में आसानी होगी। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि शहरी मंत्रालय द्वारा देशभर में 10 हजार नयी बसें रियायती दरों पर उपलब्ध करायी जायेंगी, जिनमें से 450 बसें हरियाणा को मिलेंगी तथा 100 बसें विशेष रूप से गुरुग्राम को दी जायेंगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर कहा कि यह दिन गुरुग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना चार वर्षों में पूर्ण होगी और सुभाष चौक, हीरो हौंडा चौक, पालम विहार, उद्योग विहार तथा रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख स्थलों पर मेट्रो स्टेशनों का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम देश की आर्थिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां 250 से अधिक फॉर्च्यून-500 कंपनियां तथा अनेक यूनिकॉर्न स्थापित हैं। नयी मेट्रो परियोजना से गुरुग्राम का देश और दुनिया से जुड़ाव और मजबूत होगा तथा यह केवल परिवहन का साधन नहीं बल्कि विकास का प्रतीक बनेगी।

राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम मेट्रो रेल विस्तार परियोजना को शहर के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना यात्रियों को सुरक्षित, तेज़ और आरामदायक यात्रा का विकल्प उपलब्ध करायेगी, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण और ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में भी मददगार साबित होगी।

# हजरत बल दरगाह में अशोक प्रतीक चिन्ह को लेकर जबरदस्त सियासत शुरू

**सतीश वर्मा**

**जम्मू,मेट्रो मीडिया।** श्रीनगर की डल झील के उत्तरी इलाके में स्थित विश्वविख्यात हजरत बल दरगाह में अशोक स्तंभ को लेकर जबरदस्त विवाद तथा सियासत शुरू हो गई है।

जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन डा. दरक्षा अंदराबी ने दरगाह हजरतबल में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह हा अशोक स्तंभ को तोड़े जाने की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह से विधायक समेत अन्य दोषियों के खिलाफ फिर दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने की माग की है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत आघात मानते हुए कहा कि जब मैंने राष्ट्रीय प्रतीक को नष्ट होते देखा तो मुझे लगा कि जैसे मुझ पर बादल फट गया हो। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दरगाह



हजरतबल में वक्फ बोर्ड की ओर से जीर्णोद्धार कार्य चल रहा था, जिसका मकसद दरगाह की पवित्रता और लोगों में विश्वास बढ़ता था।

उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक पार्टी विशेष के राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने वहां अशोक स्तंभ को तोड़ दिया। दरगाहें इबादत और सम्मान की जगह होती है, यहां पर किसी को भी सियासत करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इस दरगाह और मुस्लिम समुदाय की

■ जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन ने नेंका विधायक पर लगाए गंभीर आरोप, विधायक ने दरगाह में अशोक प्रतीक चिन्ह को बताया गैर इस्लामी

भावनाओं का गंभीर अपमान कहा जाएगा। उनका सीधा संकेत नेशनल कांफ्रेंस के विधायक एवं प्रवक्ता तनवीर सादिक की ओर था। जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन ने कहा कि विधायक के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उधर, नेशनल कांफ्रेंस के विधायक एवं प्रवक्ता तनवीर सादिक ने दरगाह हजरतबल में अशोक प्रतीक का विरोध करते हुए, उसे एक गैर इस्लामी करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम मूर्ति पूजा की सख्त मनाही करता है और इसे सबसे बड़ा पाप मानता है। कहा गया कि दरगाह हजरत बल के आंतरिक भाग का नवीनीकरण किया गया जिसका उद्घाटन किया गया था। काबिलेगोर है कि डा. द्रक्षा अंदराबी प्रदेश भाजपा की वरिष्ठ नेता है और उनके आरोप के मुताबिक इस पूरे प्रकरण को तूल देने वाले विधायक तनवीर अहमद सत्तारुढ़ नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता भी हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में यह मामला क्या रूप लेता है। सवाल यह उठ रहा है कि जिस प्रकार जम्मू कश्मीर वर्क बोर्ड की चेयरपर्सन ने विधायक समेत अन्य लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की पीएम नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह से फरियाद की है, उसका नतीजा क्या होता है?

# राज्य सरकार चुनाव आयोग को दरकिनार नहीं कर सकतीः अठावले

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने आगामी पंचायत एवं शहरी स्थानीय निकाय चुनाव को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाय मतपत्रों से कराने की सिफारिश की है जिससे राज्य में राजनीति गरमा गयी है।

इस पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शुक्रवार को कर्नाटक सरकार के कदम की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह चुनाव आयोग (ईसीआई) के अधिकार को दरकिनार करना है। अठावले ने कहा, अगर वोटों की चोरी हो रही है तो आप चुनाव आयोग के पास जाएं।

मैं राज्य सरकार द्वारा नगर निगम चुनाव बैलेट पेपर से कराने की घोषणा से पूरी तरह असहमत हूं क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही ईवीएम मशीन लेकर आयी थी। हमें बैलेट पेपर पर भी कोई आपत्ति नहीं है लेकिन राज्य सरकार को शायद यह अधिकार प्राप्त नहीं है और उसे चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि जब आपकी पार्टी 60-70 साल तक सत्ता में थी तब क्या वोट चोरी नहीं हो रही थी?

लोकसभा चुनावों में श्री गांधी ने ईवीएम में हेराफेरी का बार-बार आरोप लगाया था जिसके बाद बैलेट बनाम ईवीएम की बहस छिड़ गयी थी।

# स्वदेशी अभियान को नागपुर सम्मेलन में मिलेगी धार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा सांसद एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब तेजी से साकार हो रहा है और अमेरिका की ओर से थोपा गया आयात शुल्क एक चुनौती नहीं बल्कि अवसर है। खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में कहा कि व्यापारी वर्ग यह प्रण लेता है कि हर दुकान, हर बाजार, हर रेहड़ी पर स्वदेशी वस्तुएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।


**Morning Glory Leasing & Finance Limited**

**Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046**
**CIN: L67120DL1984PLC018872 Tel. No.: +91 11 47119100**
**Email: morninggloryleasing@gmail.com, Website: www.morninggloryleasing.in**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the 41st Annual General Meeting ("AGM") of the members of Morning Glory Leasing and Finance Limited will be held on Tuesday, the 30th day of September, 2025 at 11:00 A.M. at its registered office at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi – 110046.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on 23rd September, 2025 (i.e. Cut-off date) may cast their vote electronically on the Businesses as set out in the Notice of the 41st AGM through Remote E-voting services provided by National Securities Depository Ltd ('NSDL'). All the members are informed that:

a) Notice of 41st AGM along with Annual Report for the FY 2024-25 has been sent to all the members in Physical form on their registered address through permissible mode.
b) The remote e-voting shall commence on 27th September, 2025 (09:00 a.m. IST) and end on 29th September, 2025 (05:00 p.m. IST).
c) Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2025, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com or bssdelhi@bigshareonline.com.
d) The facility for voting through Ballot Paper/Polling Paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through Ballot paper/Polling Paper.
e) A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM.
f) A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through Ballot paper/Polling Paper.
g) A person who is not a member as on the cut-off date should treat this Notice for information purpose only.
h) The Notice of 41st AGM is available on the Company's website www.morninggloryleasing.in and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com.

The Board of Directors of the Company appointed Mr. Vimal Chadha, Company Secretary in whole time practice (Membership No. FCS 5758; COP No. 18669), as Scrutinizer to Scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

In case of any queries members may contact the undersigned at +91 11 47119100 and may also write to the undersigned at morninggloryleasing@gmail.com or at the Registered office address at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046.

**For Morning Glory Leasing & Finance Limited**
**Sd/-**
**Raman Kumar**
**Company Secretary cum Compliance Officer**


**Date: 05.09.2025**
**Place: New Delhi**


# अमृतसर में मंदिर पर बम फेंकने में वांटेड आतंकवादी गिरफ्तार

**इंद्र वशिष्ठ**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** एनआईए ने अमृतसर में मंदिर पर बम से हमले के मामले में वांटेड आतंकवादी को गिरफ्तार किया है।

एनआईए के अनुसार पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला के कादियां, भैणी बांगड गांव निवासी शरणजीत कुमार उर्फ सनी को शुक्रवार को बिहार के गया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी 14-15 मार्च की दरमियानी रात खंडवाला इलाके में ठाकुर द्वारा मंदिर पर आतंकवादी हमले की साजिश और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल पाया गया। बाइक सवार हमलावरों गुरसिदक सिंह और विशाल गिल ने मंदिर पर हथगोला



फेंका था। उन्होंने अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर आतंकी हमला किया था।

एनआईए की जांच में यूरोप, अमेरिका और कनाडा में मौजूद आतंकियों के आकाओं द्वारा रची गई साजिश का खुलासा हुआ। आकाओं ने भारत में अपने सक्रिय साथियों को आतंकी उपकरण, धन, रसद सहायता और टारगेट के डिटेल दिए थे।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है राजस्थान सरकारः शर्मा

**जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों के कल्याण, सम्मान व बेहतर कार्यदशा तथा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा ने यहां राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि उन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है, जो समाज का भविष्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन के शिल्पकार तथा राष्ट्र निर्माता हैं और राज्य सरकार शिक्षकों के साथ है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र में अनेक सुधार किए गए हैं।

# धर्मस्थल मामले की जांच एसआईटी कर रहीः सिद्धरमैया

**बेंगलुरु,एजेंसी।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 'धर्मस्थल' में कई हत्याओं, बलात्कार और शवों को दफनाने के आरोपों की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की मांग को तवज्जो नहीं देते हुए शुक्रवार को कहा कि मामले की जांच राज्य पुलिस पहले से ही एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के जरिये कर रही है।

मुख्यमंत्री, हिंदू और जैन संतों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मामले की एनआईए जांच कराने की मांग के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। सिद्धरमैया ने कहा, हमने एसआईटी गठित की है, वे पुलिस हैं। एनआईए में कौन है? वे भी पुलिस हैं।

राज्य में विपक्षी भाजपा और



जद(एस) ने भी मामले से निपटने के तरीके को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए एनआईए जांच की मांग की है। उन्होंने धर्मस्थल और स्थानीय हिंदू मंदिर को बदनाम करने वाले अभियान के पीछे साजिश होने का आरोप लगाया। विवाद उस वक्त शुरू हुआ, जब एक शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में कई शवों को दफनाया है, जिनमें यौन उत्पीड़न की गईं महिलाएं भी शामिल हैं और इसके पीछे स्थानीय मंदिर के प्रशासकों की भूमिका होने की ओर इशारा किया गया। शिकायतकर्ता की बाद में पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई और उसे झूठी गवाही के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने नेत्रवती नदी के किनारे वन क्षेत्रों में शिकायतकर्ता द्वारा चिह्नित कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और खुदाई की, जहां दो स्थानों पर मानव कंकाल के अवशेष बरामद किये गए।

# देश के शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलनी चाहिएः मुर्मु

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। श्रीमती मुर्मु ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनायें और बुद्धि दोनों होती हैं। भावनाओं और बुद्धि का समन्वय विद्यार्थियों पर भी प्रभाव डालता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट कक्षायें और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना



महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है, स्मार्ट शिक्षक। उन्होंने कहा कि स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने विद्यार्थियों के विकास की आवश्यकताओं को समझते हैं। स्मार्ट शिक्षक स्नेह और संवेदनशीलता के साथ अध्ययन की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाते हैं।

ऐसे शिक्षक छात्रों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। बालिकाओं की शिक्षा में निवेश करके, हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में एक अमूल्य निवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करना महिला-नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विस्तार और वंचित वर्ग की बालिकाओं को विशेष शिक्षा सुविधायें प्रदान करने पर ज़ोर देती है, लेकिन शिक्षा से जुड़ी किसी भी पहल की सफलता मुख्यतः शिक्षकों पर निर्भर करती है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बालिकाओं की शिक्षा में जितना अधिक योगदान देंगे, शिक्षक के रूप में उनका जीवन उतना ही सार्थक होगा।

उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बालिकाओं सहित उन सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें, जो अपेक्षाकृत शर्मीले हैं, या कम सुविधा प्राप्त पृष्ठभूमि से आते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है।


**KCL Limited**

**CIN:** L74899DL1983PLC068008
**Regd. Office:** E-292, Sarita Vihar, New Delhi-110044,

**NOTICE OF 42nd ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice is hereby given that:

1. The 42nd Annual General Meeting (AGM) of members of the Company will be held on Monday, 29th day of September, 2025 at 09:00 A.M. at the Registered Office of the Company situated at E-292, Sarita Vihar, New Delhi-110044 to transact the business as set forth in the Notice of AGM in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (Act) and Rules framed thereunder read with General Circular issued from time to time, respectively circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars").
2. In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("the Rules"), the Company is providing its members the facility to cast their vote electronically from a place other than the venue of the AGM ("remote e-voting"), provided by NSDL and the business may be transacted through such voting, on all the resolutions set forth in the Notice of AGM.
3. Electronic copies of the Notice of the AGM and the Annual Report for the financial year ended March 31, 2025 of the Company has been sent to all the members, whose email ids are registered with the Company/RTA/Depository participant(s), as on the cut-off date i.e, 29th August 2025. Please note that the requirement of sending physical copy of the Notice of the AGM and Annual Report to the Members have been dispensed with vide MCA Circulars. The Notice and the Annual Report will also be available and can be downloaded from the website of the Company www.kcl.co.in/investor/
4. The facility of casting the votes by the members ("e-voting") will be provided by NSDL ('National Securities Depository Limited') and the detailed procedure for the same is provided in the Notice of the AGM. The remote e-voting period commences on 26th September, 2025 at 9:00 A.M and ends on 28th September, 2025 at 5.00 P.M. During this period, members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 22nd September 2025, may cast their vote by remote e-voting or by e-voting at the time of AGM. Members participating through in person shall be counted for reckoning the quorum under Section 103 of the Act.
5. Members, who are holding shares in physical/electronic form and their e-mail addresses are not registered with the Company/their respective Depository Participants, are requested to register their e-mail addresses at the earliest by sending scanned copy of a duly signed letter by the Member(s) mentioning their name, complete address, folio number, number of shares held with the Company along with self-attested scanned copy of the PAN Card and self-attested scanned copy of any one of the following documents viz., Aadhar Card, Driving License, Election Card, Passport, utility bill or any other Govt. document in support of the address proof of the Member as registered with the Company for receiving the Annual Report 2024-25 along with AGM Notice by email to cs@kcl.co.in
6. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Tuesday, 23rd September 2025 to Monday, 29th September, 2025 (both days inclusive).
7. The Notice of AGM and Annual Report for the financial year 2024-25 sent to members in accordance with the applicable provisions in due course.

**For KCL Limited**
**Sd/-**
**Rohit Johari**
**Company Secretary**
**M. No. A65873**

**Place: Faridabad**
**Date: 06th September, 2025**



**SUPERIOR INDUSTRIAL ENTERPRISES LIMITED**

**Regd. Office:-** 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi- 110001
**CIN:** L15142DL1991PLC046469, **Tel. No.:** 011-43585000, **Fax:** 0141-43585015
**E-mail:** : info@superiorindustrial.in **Website:** www.superiorindustrial.in

**INTIMATION REGARDING COMPLETION OF DISPATCH OF NOTICE OF 34TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

Notice is hereby given that the **34th Annual General Meeting ("AGM")** of the Members of **Superior Industrial Enterprises Limited** will be held on **Sunday, September 28, 2025 at 12:30 p.m. through Video Conferencing ("VC") or Other Audio Visual Means ("OAVM")** to transact the businesses as stated in the Notice convening the AGM. As per the various Circular issued by MCA and SEBI, the Notice of the AGM together with the Annual Report of the Company for the Financial Year ended 2024-25 has been sent to the Members of the Company by e-mail to their registered e-mail addresses. The Company has completed the mailing of Notice convening the AGM along with the aforesaid Annual Report on September 5th, 2025.

The Members, who have not registered their e-mail addresses so far, are requested to register their e-mail addresses with their concerned Depository Participant (in respect of shares held in demat form) or with Mas Services Limited, Registrar & Share Transfer Agent (RTA) of the Company (in respect of shares held in physical form).

Members are hereby informed that the notice of the 34th AGM and the Annual Report of the Company are also available on the Company's website (www.superiorindustrial.in). Notice of AGM is also available on the e-voting website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com.

Members are also informed that pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with the relevant rules made thereunder, as amended from time to time, along with Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations") and the aforesaid Circulars, the Company is providing remote e-voting (prior to the AGM) and e-voting during AGM to its members to cast their votes electronically on the resolutions to be passed at the 34th AGM. The Members are further informed that the cut-off date for the purpose of ascertaining the members eligible for e-voting facility has been fixed as Sunday, September 21, 2025. A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting during AGM.

The Members are requested to note that remote e-voting process shall commence on Thursday, September 25, 2025 at 9:00 a.m. and will remain open upto Saturday, September 27, 2025 till 5:00 p.m. Thereafter, the remote e-voting module shall be disabled by NSDL. Once the vote on a resolution is cast by a Member, he/ she/ it shall not be allowed to change it subsequently. The Members who have not cast their vote through remote e-voting can exercise their voting rights electronically during AGM. The Members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM, but shall not be entitled to cast their vote again during AGM.

The Company has appointed M/s RSH & Associates, Practicing Company Secretary, as the scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

The detailed procedure/ instructions for remote e-voting, attending AGM and e-voting during AGM are contained in the Notice of 34th AGM.

The remote e-voting facility is available to the Members to cast their votes at the e-voting website of NSDL: www.evoting.nsdl.com or the Member may refer Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders, available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request at evoting@nsdl.co.in.

Any query or grievance in relation to e-voting may be addressed to Ms. Muskaan Suhag, Company Secretary, e-mail address: info@superiorindustrial.in, Address: 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi 110001, Contact No.: 011-43585000.

Any person who becomes a Member after sending the Notice and Annual Report through e-mail but who holds shares as on cut-off date can attend the AGM through VC/ OAVM. Such Member can exercise his voting right through remote e-voting or e-voting during AGM and send a requisition for a copy of the Annual Report and Notice convening the AGM through e-mail communication to RTA at investor@masserv.com with a copy marked to the Company at info@superiorindustrial.in along with his/ her/ its relevant particulars i.e. DP ID & Client ID/ Folio No. to obtain User Id and Password for e-voting. If shareholder is an individual shareholder and holds shares in demat mode he/she can generate password as explained in e-voting instructions.

Since the 34th AGM will be held pursuant to the aforesaid Circulars through VC/ OAVM, physical attendance of Members has been dispensed with. Accordingly, the facility for appointment of proxies by the Members will not be available.

Notice is also hereby given that pursuant to the provisions of Section 91 of the Act and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Monday, September 22, 2025 to Sunday, September 28, 2025 (both days inclusive)** for the purpose of 34th AGM.

**By order of the Board of Directors**
**For Superior Industrial Enterprises Limited**
**Sd/-**
**(Muskaan Suhag)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Date : September 06th, 2025**
**Place : New Delhi**



**FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**

**CIN: L51503DL1986PLC024329**
**Regd. Office:- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001**
**Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015,**
**E-mail: firl.nbfc@gmail.com, Website: www.firl.co.in**

**INTIMATION REGARDING COMPLETION OF DISPATCH OF NOTICE OF 39th ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

Notice is hereby given that the **39th Annual General Meeting ("AGM")** of the Members of Fortune Industrial Resources Limited will be held on **Sunday, September 28, 2025 at 11:00 a.m. through Video Conferencing ("VC") or Other Audio Visual Means ("OAVM")** to transact the businesses as stated in the Notice convening the AGM. As per the various Circular issued by MCA and SEBI, the Notice of the AGM together with the Annual Report of the Company for the Financial Year ended 2024-25 has been sent to the Members of the Company by e-mail to their registered e-mail addresses. The Company has completed the mailing of Notice convening the AGM alongwith the aforesaid Annual Report on September 5th, 2025.

The Members, who have not registered their e-mail addresses so far, are requested to register their e-mail addresses with their concerned Depository Participant (in respect of shares held in demat form) or with Mas Services Limited, Registrar & Share Transfer Agent (RTA) of the Company (in respect of shares held in physical form).

Members are hereby informed that the notice of the 39th AGM and the Annual Report of the Company are also available on the Company's website (www.firl.co.in). Notice of AGM is also available on the e-voting website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com.

Members are also informed that pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with the relevant rules made thereunder, as amended from time to time, along with Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations") and the aforesaid Circulars, the Company is providing remote e-voting (prior to the AGM) and e-voting during AGM to its members to cast their votes electronically on the resolutions to be passed at the 39th AGM. The Members are further informed that the cut-off date for the purpose of ascertaining the members eligible for e-voting facility has been fixed as Sunday, September 21, 2025. A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting during AGM.

The Members are requested to note that remote e-voting process shall commence on Thursday, September 25, 2025 at 9:00 a.m. and will remain open upto Saturday, September 27, 2025 till 5:00 p.m. Thereafter, the remote e-voting module shall be disabled by NSDL. Once the vote on a resolution is cast by a Member, he/ she/ it shall not be allowed to change it subsequently. The Members who have not cast their vote through remote e-voting can exercise their voting rights electronically during AGM. The Members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM, but shall not be entitled to cast their vote again during AGM.

The Company has appointed Mr. Vimal Chadha (Membership No. F5758, C.P. No. 18669), Practicing Company Secretary, as the scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

The detailed procedure/ instructions for remote e-voting, attending AGM and e-voting during AGM are contained in the Notice of 39th AGM.

The remote e-voting facility is available to the Members to cast their votes at the e-voting website of NSDL: www.evoting.nsdl.com or the Member may refer Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders, available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request at evoting@nsdl.co.in.

Any query or grievance in relation to e-voting may be addressed to Ms. Preeti Singh, Company Secretary, e-mail address: firl.nbfc@gmail.com, Address: 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi 110001, Contact No.: 011-43585000.

Any person who becomes a Member after sending the Notice and Annual Report through e-mail but who holds shares as on cut-off date can attend the AGM through VC/ OAVM. Such Member can exercise his voting right through remote e-voting or e-voting during AGM and send a requisition for a copy of the Annual Report and Notice convening the AGM through e-mail communication to RTA at investor@masserv.com with a copy marked to the Company at firl.nbfc@gmail.com alongwith his/ her/ its relevant particulars i.e. DP ID & Client ID/ Folio No. to obtain User Id and Password for e-voting. If shareholder is individual shareholder and hold shares in demat mode he/she can generate password as explain in e-voting instruction.

Since the 39th AGM will be held pursuant to the aforesaid Circulars through VC/ OAVM, physical attendance of Members has been dispensed with. Accordingly, the facility for appointment of proxies by the Members will not be available.

Notice is also hereby given that pursuant to the provisions of Section 91 of the Act and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from Thursday, September 25, 2025 to Saturday, September 27, 2025 (both days inclusive) for the purpose of 39th AGM.

**By order of the Board of Directors**
**For Fortune Industrial Resources Limited**
**Sd/-**
**Preeti Singh**
**Company Secretary cum Compliance Officer**

**Date : 06.09.2025**
**Place : Delhi**